# उत्तर प्रदेश विधान सभा

## उत्तर प्रदेश विधान सभा

## तृतीय सत्र -2026

## मंगलवार, 29 भाद्रपद, शक संवत् 1944

## 04 अगस्त, 2026

----

**कुल प्रश्न** - 195

----

18/15/32 1 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी** क्या इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्थापित 2.67 लाख मोबाइल टावरों से होने वाले रेडिएशन द्वारा जनमानस को होने वाले नुकसान से सरकार परिचित है? क्या सरकार बतायेगी कि जनमानस को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से विगत पांच वर्षों में सुरक्षा उपकरणों की स्थापना कराई है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/75 2 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेगें कि प्रदेश में जनप्रतिनिधियों या पूर्व जनप्रतिनिधियों को धमकी प्राप्त होने के कितने प्रकरण वर्ष 2022 से पंजीकृत हुए हैं तथा सरकार ने पूर्व विधायकों की सुरक्षा के क्या मापदंड निर्धारित किये हैं? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/82 3 **श्री गौरव कुमार (ज़ैदपुर):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित टंकियों से आपूर्ति होने वाले पेयजल की गुणवत्ता जांच के लिए कोई निश्चित मानक एवं समय अवधि निर्धारित है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/88 4 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कितने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेयजल शोधन यंत्र स्थापित हैं? क्या सरकार प्रदेश के समस्त परिषदीय विद्यालय में छात्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के दृष्टिगत किसी निश्चित अवधि तक पेयजल शोधन यंत्र लगाना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं,तो क्यों?

----

18/15/98 5 **श्री गौरव कुमार (ज़ैदपुर):**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में 2022 से अब तक हत्या, बलात्कार, डकैती लूट छेड़-छाड़ की कितनी घटनाएं घटित हुई है तथा कितने लोगों के नामजद किया गया है? क्या सरकार ने प्रदेश में बढ़ते अपराध की रोक-थाम हेतु कोई योजना बनाई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/105 6 **श्री गौरव कुमार (ज़ैदपुर):**

**मुख्यमंत्री कार्यालय** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए विवेकाधीन कोष से आर्थिक अनुदान दिये जाने के आधार क्या है? क्या सरकार बताएगी की मरीजों के स्वस्थ होने की दशा में सिर्फ एक वित्तीय वर्ष में एक ही बार अनुदान दिया जाता है अथवा उक्त मरीज को स्वस्थ होने के लिए पुनः चिकित्सीय प्रकलन के अनुसार दोबारा आर्थिक अनुदान स्वीकृत किया जाता है? यदि हाँ, तो उक्त पर आधार क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/117 7 **श्री गौरव कुमार (ज़ैदपुर):**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के अन्तर्गत सभी ग्रामों में निर्वाचित ग्राम प्रधानों का मानदेय बढ़ाये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/103 8 **श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी (रुधौली):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि

सरयू नहर परियोजना के उदघाटन के उपरांत भी खलीलाबाद नहर शाखा एव बस्ती नहर शाखा के मध्य कमांड क्षेत्र के अंतर्गत जल निकास हेतु गरयाँ- ड्रेन का निर्माण कार्य अपूर्ण है जिसके कारण भारी जल- जमाव होने से किसानो के फसल नष्ट होती है एव जन- जीवन प्रभावित होता है? क्या सरकार जल निकास हेतु गरया- ड्रेन का निर्माण कार्य पूर्ण कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/179 9 **Shri Vinod Chaturvedi (Kalpi):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2022-23, 2023-24 में जनपद जालौन वेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम/ द्वितीय को कितना बजट दिया गया तथा नहर प्रखण्ड द्वारा कितने कि0मी0 नालों/नहरों/माइनरों की खुदाई/सफाई की गयी एवं वर्ष 2022-23, 2023-24 में कितने कि0मी0 नहरों को पक्का किया गया तथा कितने पुल/पुलियों का निर्माण कराया गया? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/182 10 **Shri Vinod Chaturvedi (Kalpi):**

0 **Higher Education** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के विधानसभा क्षेत्र कालपी के विकास खण्ड महेवा के ग्राम बाबई में महिला महाविद्यालय स्थापित कराने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/185 11 **Shri Vinod Saroj (Babaganj):**

0 **Higher Education** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद प्रतापगढ़ के स्व0 सुन्दरलाल महाविद्यालय, देहगरी जमालपुर, कुण्डा, प्रतापगढ़ की भवन एवं भूमि जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ के कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या D 202202570002217, वाद संख्या-2217/2022 के आदेश तिथि 23.02.2023 द्वारा गिरोहबंदी एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क की गई है ? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त के दृष्टिगत स्व0 सुन्दरलाल महाविद्यालय, देहगरी जमालपुर, कुण्डा, प्रतापगढ़ की सम्बद्धता एवं अनापत्ति निरस्त करेगी ? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/186 12 **Shri Vinod Saroj (Babaganj):**

0 **Revenue** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक

24.01.2026 जो कि जनपद-प्रतापगढ़ के नॉन जेड ए भूमि के प्रकरणों में जनपद स्तर पर कार्यवाही न करके उ0प्र0 भूमि राजस्व अधिनियम 1901 एवं उ0प्र0 भूमि लेख नियमावली के उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 द्वारा निरस्त कर दिये जाने का हवाला देकर कोई कार्यवाही न किये जाने के सम्बन्ध में मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्डपीठ, लखनऊ द्वारा अब्बास अंसारी व अन्य टे उ0प्र0 राज्य व अन्य के रिट सी0 सं0-7005/2023 में पारित आदेश दिनांक 16.05.2025 के प्रस्तर 55 से 58 के सापेक्ष उक्त अधिनियम व नियमावली नॉन जेड ए भूमि के प्रकरण में अद्यतन प्रभावी होने के विषय में स्पष्ट निर्देश निर्गत करने विषयक आयुक्त/सचिव, राजस्व परिषद, उ0प्र0 को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नही, तो क्यों?

----

18/15/188 13 **श्री विनोद सरोज (बाबागंज):**

**राजस्व [मा0 न्यायालय के विचाराधीन होने के कारण निरस्त।]** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-प्रतापगढ़ के ग्राम बेल्हाघाट, तहसील सदर के गाटा सं0-796, रकबा 0.1990 हे0 के कृषि भूमि घोषित किये जाने के सम्बन्ध में उ0प्र0 शहरी क्षेत्र जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम 1956 के अन्तर्गत सीमांकन अधिकारी के आदेश का विवरण तथा उक्त अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत प्रकाशित अधिसूचना की संख्या तथा प्रकाशन की तिथि सदन को सरकार उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/192 14 **Shri Rajeev Singh "Parichha" (Babina):**

0 **Secondary Education** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के विधानसभा क्षेत्र बबीना के ब्लॉक चिरगाँव के ग्राम मुड़ेई सहित आस-पास के कई ग्रामों में राजकीय हाईस्कूल न होने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार अपने बच्चों को 8वीं शिक्षा के बाद हाईस्कूल की शिक्षा हेतु ग्रहण करने हेतु भेजने में असमर्थ हैं? यदि हां, तो क्या सरकार ग्राम मुड़ेई में राजकीय हाईस्कूल की स्थापना करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/202 15 **Dr. Manoj Kumar Prajapati (Hamirpur):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हमीरपुर के ग्राम कोतूपुर पटिया में पिचिंग का निर्माण कार्य सरकार कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/203 16 **Dr. Manoj Kumar Prajapati (Hamirpur):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे

कि जनपद हमीरपुर के विकास खण्ड मौदहा के ग्राम गुढ़ा में पुरानी और ध्वस्त पेयजल पाइपलाइनें संचालित होने के कारण पेयजल की समस्या बनी हुयी है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त समस्या के निराकरण हेतु नयी पेयजल पाइपलाइनों को बिछाने का कार्य करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/208 17 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी की गरौठा विधान सभा में बामौर, गुरसराय व मोंठ ब्लाक में हर घर नल योजना का कार्य पूर्ण कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 क-7 नं0-458010 दिनांक 29 अप्रैल, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/219 18 **Shri Nahid Hasan (Kairana):**

0 **Information** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में मान्यता प्राप्त पत्रकारो को कौन-कौन सी सुविधाओं सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है? क्या यह सत्य है कि जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकारो हेतु आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्णय लिया गया है? यदि हां, तो सहारनपुर मंडल में अभी तक कितने जिला स्तरीय मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनवाए जा चुके हैं तथा शेष बचे हुए मान्यता प्राप्त पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड किस तिथि तक बनवा दिए जाएंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/235 19 **Shri Swami Omvesh (Chandpur):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर के विधान सभा चॉदपुर के ब्लाक जलीलपुर हल्दौर व नुरपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पानी की टकिंया का निर्माण कराकर कितने ग्रामीण परिवारों को शुद्ब जल उपलब्ध कराया गया है तथा कितने शेष है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/240 20 **Shri Swami Omvesh (Chandpur):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बिजनौर में नहरों , माइनरों रजवाहो एंव ड्रेनों आदि की कुल कितने किलो मीटर सफाई कार्य पर कितनी धनराशि खर्च हुई? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटलपर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/267 21** **Dr. Rakesh Kumar Verma Alias Dr. R. K. Verma (Raniganj):**

0 **Higher Education** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालय में नियम विरुद्ध/आरक्षण विरुद्ध किए गए कार्य व वित्तीय अनियमितता की जांच करने का अधिकार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 में प्रावधानित है ? यदि हां, तो क्या सरकार बतायेगी कि उक्त नियम विरुद्ध कार्यों की जांच किस सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जा सकती है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/283 22** **Shri Mohammad Hasan Roomi (Kanpur Cantt.):**

0 **Home** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर नगर के जी.टी. रोड, टाटमिल, जरीब चौकी और रामादेवी जैसे संवेदनशील चौराहों पर प्रतिदिन घंटों लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम को नियंत्रित करने हेतु यातायात पुलिस द्वारा विशिष्ट ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि यातायात कर्मियों की कमी एवं अवैध स्टैंडों/अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण एम्बुलेंस एवं स्कूली बच्चों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन हॉटस्पॉट क्षेत्रों में अतिरिक्त यातायात पुलिस बल की तैनाती एवं आधुनिक निगरानी तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कोई समयबद्ध कार्ययोजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/295 23** **Shri Kamal Akhtar (Kanth):**

0 **Technical Education** क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राजकीय पॉलिटेक्निक कटाई, जोया, जनपद अमरोहा के भवन का स्थानांतरण कराकर भवन में कक्षाएं चलवाए जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या ख-7, न0 556489 दिनांक 17-02-2026, उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही हुई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/303 24** **Smt. Pinki Singh (Asmoli):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल की विधानसभा क्षेत्र असमोली के विकासखंड सम्भल की ग्राम पंचायत कैमा चुहरपुर में प्राथमिक विद्यालय भवन की समस्या से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में प्राथमिक विद्यालय कैमा चूहरपुर का नया भवन निर्माण कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/304 25 **Smt. Pinki Singh (Asmoli):**

0 **Higher Education** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल के ब्लॉक पावसा के अंतर्गत कैलादेवी मुजाहिद पुर पर कन्याओं के लिए डिग्री कॉलेज बनाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/305 26 **Smt. Pinki Singh (Asmoli):**

0 **Technical Education** क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल की असमोली विधानसभा क्षेत्रांर्गत विकासखंड असमोली के ग्राम असगरीपुर मे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के अधूरे भवन निर्माण कार्य से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त का निर्माण पूरा कर उसमें प्रशिक्षण सुनिश्चित कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/306 27 **Smt. Pinki Singh (Asmoli):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल में वर्ष 2024 - 2025 के अंतर्गत कितने पीएम श्री विद्यालयों का चयन किया गया है एवं कितने निर्मित किए गए हैं तथा कितनी धनराशि पीएम श्री विद्यालयों में निर्माण व सुविधा हेतु कितने का उपभोग अब तक किया जा चुका है तथा अभी कितने धनराशि अभी तक शेष है? क्या सरकार प्रत्येक स्कूल को मॉडल क्लास में परिवर्तित करने का कार्य करेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/346 28 **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद रजवाह स्थित रूधऊ कोठी का भवन पूर्णतः जीर्ण–शीर्ण हो गया है? क्या सरकार इस भूमि पर बाउंड्रीवॉल बनाने या नवीन भवन बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/347 29 **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि भोगनीपुर ब्रांच की क्षमता वृद्धि के उपरांत उपलब्ध अतिरिक्त जल की सिंचाई के लिए जेड़ाझाल से शिकोहाबाद के बीच में नई माइनर बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/349 30 **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Rural Development, Overall Village Development, Rural Engineering** क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जनपद फिरोजाबाद में ऐसी कितनी ग्राम पंचायतें है जिनमें शवदाह गृह/अंत्येष्टि स्थल उपलब्ध नहीं है? क्या सरकार इन ग्राम पंचायतों को चिहिन्त कर अंत्येष्टि स्थल का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/350 31** **Shri Manish Asija (Firozabad):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद में अपर गंगा कैनाल से निकलने वाले नागऊ रजवाह के रीमॉडलिंग (पुनर्स्थापन) कराए जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/359 32** **Dr. Ajay Kumar (Chhaprauli):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के जागौसा एवं अन्य ग्रामों में यमुना नदी की बाढ़ से बचाव एवं सुरक्षा हेतु परियोजना गठन के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र 497/आ0स0/वि0स0/2025 दिनांक 16.09.2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/360 33** **Dr. Ajay Kumar (Chhaprauli):**

0 **Higher Education** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बागपत के जनता वैदिक कालेज बड़ौत में शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत है तथा उसके सापेक्ष वर्तमान में कितने शिक्षक कार्यरत है और कितने पद रिक्त है? क्या सरकार उक्त कालेज में रिक्त पदों को किसी निश्चित समयान्तर्गत तैनाती करने की योजना बनायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/366 34** **Shri Nahid Hasan (Kairana):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से अब तक कुल कितने प्रतिशत घरों तक गुणवत्तापूर्ण पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, तथा यह प्रतिशत राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष कितना कम अथवा अधिक है? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश से संबंधित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही देरी के प्रमुख कारण क्या हैं? क्या सरकार बतायेगी कि सहारनपुर मंडल में जनपद-वार जल जीवन मिशन की वर्तमान प्रगति क्या है तथा क्या यह भी सही है कि कई

स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता खराब होने, पाइपलाइन बिछाने के उपरांत सड़कों की मरम्मत न होने, घरों तक जलापूर्ति का प्रेशर कम रहने एवं योजनाओं के अपूर्ण होने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं व विशेष रूप से जनपद सहारनपुर के ग्राम सलुनी में अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को किस निश्चित तिथि तक पूर्ण कर लिया जाएगा? यदि हां तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/368 35 **Shri Brijbhushan Rajput (Charkhari):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा एवं बुंदेलखंड के अंतर्गत जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल नल योजना के कार्य हेतु कुल कितना बजट स्वीकृत है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/377 36 **श्री प्रसन्न कुमार (शामली):**

**राजस्व** विधान सभा के तृतीय सत्र -2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-16 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के तहसील ऊन के ग्राम पंचायत भोगी माजरा के ऊन चौसाना मार्ग से ग्राम भोगी माजरा जाने हेतु जिस पर खडंजा लगा हुआ है में यदि शजरे के अनुसार 25 कडी की चौडाई में रास्ता सुचारु रूप से चल रहा है और अतिक्रमण नहीं है तो उक्त मार्ग के प्रारम्भ एवं अन्तिम छोर के दोनो किनारों पर पत्थर नसब कर अतिक्रमण मुक्त होने के माप सहित चित्र सरकार साक्ष्य सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/383 37 **श्री विनोद चतुर्वेदी (कालपी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेगे कि जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी के विकास खण्ड महेवा के ग्राम जीतामऊ में सिंचाई हेतु यमुना नदी पर पम्प कैनाल बनाये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/384 38 **श्री विनोद चतुर्वेदी (कालपी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद जालौन के कालपी विधानसभा क्षेत्र में लघु सिंचाई द्वारा वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में कितने चैक डेमो तथा जल संचयन केन्द्रों का निर्माण कराया गया एवं उक्त निर्माण कार्य पर कितना धन व्यय किया गया? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/391 39 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी में गरौठा विधान सभा क्षेत्र के ग्राम बेलमा कलां, तालौड, नांद खास, सेरसा, लभेरा, सुट्टा, बुढेराघाट, अमरौख, अटा, ककरबई, बिलाटी करके, बड़ोखरी, गढ़वई, करकोश,पट्टी कुम्हर्रा, बसोवई, अमगाँव, ग्यारई, अट्टा, बुढ़ेरा घाट, छ्योंटा, सारन इमिलिया, खजूरी बझेरा, बम्हरौली, बांगरी, गोंती, भदरवारा, कैरोखर, हैवटपुरा आदि ग्रामों के जूनियर हाई स्कूलों को उच्चीकृत करने की कोई योजना सरकार ने बनाई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/392 40 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद- झाँसी में एरच बांध परियोजना को पुनः काम प्रारम्भ कराये हेतु शेष 50 प्रतिशत कार्य को कब तक पूर्ण कराया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/394 41 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी में वित्तीय वर्ष 2025-2026 में अध्यापकों/अध्यापिकाओं का वेतन वृद्धि रोकना, बेतन रोकना एवं वेतन काटना एवं पुन वेतन चालू करने जैसी कार्रवाई कर बीएसए द्वारा उक्त अध्यापकों/अध्यापिकाओं के साथ दुर्व्यहार कर मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है? क्या सरकार उक्त के जनपद झाँसी में ऐसे जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/395 42 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी में मोंठ तहसील में कस्बा मोंठ में के0सी0पी0 इण्टर कालेज के नाम आराजी सं0 390 ख व 418ख मौजा बम्हरौली तथा अराजी संख्या 1040 मौजा मोंठ को कब्जा मुक्त सरकार करायेगी?? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/401 43 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर)ः**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि नेताजी सुभाष चन्द्र

बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीगंज, लखनऊ में क्षतिग्रस्त छज्जे के निर्माण कार्य हेतु उच्च शिक्षा अनुभाग-5, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-2236/सत्तर-5-2025-001/70-5099/80/2025, दिनांक 24 अक्टूबर, 2025 द्वारा रु. 8.29 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है? यदि हाँ, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि प्रश्नगत निर्माण कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया है? क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/408 44 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह):**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के विधानसभा सकलडीहा के अंतर्गत बढ़ते अपराधों और यातायात व्यवस्था को देखते हुए, सरकार महत्वपूर्ण चौराहों/कस्बों में नई पुलिस चौकी स्थापित करने या गश्त बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/409 45 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह):**

**पंचायती राज** क्या पंचायतीराज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के विधानसभा सकलडीहा के ग्रामीण क्षेत्रों में वर्तमान में खराब इंडिया मार्का हैंडपंपों की संख्या कितनी है? क्या सरकार को जानकारी है कि भू-जल स्तर नीचे जाने के कारण कई हैंडपंप पानी नहीं दे रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार इनकी 'रिबोरिंग' कराकर पेयजल आपूर्ति बहाल करने हेतु धन आवंटित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/411 46 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के विधानसभा सकलडीहा में 'अमृत सरोवर' योजना के अंतर्गत खोदे गए तालाबों की वर्तमान स्थिति क्या है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि उचित देख-रेख और बाउंड्रीवॉल न होने के कारण ये सरोवर पुनः गंदगी से भर रहे हैं? क्या सरकार ने उक्त तालाबों के सुंदरीकरण और रखरखाव के लिए कोई प्रभावी कार्ययोजना बनाई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/412 47 **श्री प्रभुनारायण सिंह यादव (सकलडीह):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चन्दौली के विधानसभा सकलडीहा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कितने लाभार्थी ऐसे हैं

जिनका आवास स्वीकृत है तथा दूसरी या तीसरी किश्त जारी नहीं हुई है? क्या सरकार लाभार्थियों को आवास पूर्ण करने हेतु किश्त जारी करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/415 48 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी)ः**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों की कुल संख्या कितनी है और उन्हें वर्तमान में कितना मानदेय दिया जा रहा है? क्या सरकार वर्तमान महंगाई और न्यूनतम मजदूरी दर को दृष्टिगत रखते हुए रसोइयों के मानदेय में वृद्धि करने तथा उन्हें राज्य कर्मचारियों की भांति वेतन/सुविधाएं प्रदान करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/416 49 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी)ः**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के मामलों की त्वरित जांच, दोषियों को सख्त सजा दिलाने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कोई विशेष कार्ययोजना बनाई है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यो?

----

18/15/421 50 **श्री तेज प्रताप सिंह (करहल)ः**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनवरी 2026 से दिनांक 10.03.26 तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और पद के दुरुपयोग की कुल कितनी शिकायतें शासन और एंटी-करप्शन सेल को प्राप्त हुई हैं? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त अवधि में भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाए गए कितने पुलिसकर्मियों के विरुद्ध निलंबन, बर्खास्तगी या एफ.आई.आर. दर्ज करने की कार्यवाही की गई है, तथा पुलिस विभाग को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और थानों में दलाली प्रथा को समाप्त करने के लिए सरकार क्या कठोर कदम उठा रही है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/422 51 **श्री तेज प्रताप सिंह (करहल)ः**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में छात्रों के सापेक्ष शिक्षकों का अनुपात निर्धारित है? यदि हां, तो वर्तमान में अनुपात दर क्या है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि शिक्षकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान में कितने पद रिक्त

है? क्या सरकार रिक्त पदों पर भर्ती करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/430 52 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट)**:

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद कानपुर के जाजमऊ क्षेत्र में चमड़ा कारखानों (टेनरियों) से निकलने वाले गंदे पानी (एफ्लुएंट) के उपचार एवं गंगा नदी में प्रदूषण को रोकने हेतु लगभग करीब 600 करोड़ रुपये की लगात से 20 एम0एल0डी0 (मिलियन लीटर पर डे) का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट प्रोजेक्ट जो कानपुर में चमड़ा उद्योग के कचरे (एफ्लुएंट) को साफ करने के लिए निर्माण व संचालन वीए टेक वाबाग लिमिटेड कंपनी एवं जाजमऊ टेनरी एफ्लूएंड ट्रीटमेंट एसोसिएशन (जटेटा) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है? क्या सरकार को जानकारी है कि? उपरोक्त प्राइवेट कंपनियों द्वारा क्षेत्र में कार्य करने हेतु संबंधित विभागों से ली गई अनापत्ति (एन0ओ0सी0) वर्ष 2020 में समाप्त हो जाने के उपरांत भी निरंतर बड़ी-बड़ी सड़कों एवं नालों को खोद कर छोड़ दिया है जिससे पूर्व एवं वर्तमान में कई दुर्घटना एवं मौत हो चुकी हैं क्या सरकार जांच कराके उपरोक्त कंपनियों को ब्लैक लिस्टेड करते हुए कोई कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/433 53 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)**:

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद हरदोई के थाना पाली परिसर में दिनांक 12 जनवरी 2025 को एक महिला की हत्या थाना पाली के प्रभारी निरीक्षक की उपस्थिति में हुई? क्या सरकार बताएगी कि उक्त घटना के सम्बन्ध में अब तक क्या-क्या जांच/कानूनी कार्यवाही की गई है, तथा दोषी पाए गए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु क्या ठोस कदम उठाए जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/443 54 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)**:

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के गोमती नगर थाने में 3 जून 2025 को जमाल हसन पुत्र श्री कमल हसन की हत्या हुई थी जिसका मुकदमा 11 अगस्त 2025 को गोमती नगर थाने में धारा 302 के अंतर्गत लिखा गया था? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/447 55 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट)ः**

**मुख्यमंत्री कार्यालय** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में असाध्य रोगों से ग्रसित निर्धन रोगियों हेतु मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम कितनी बार एवं कितनी धनराशि की सहायता अनुमन्य है? और क्या सरकार के संज्ञान में है कि सहायता राशि की स्वीकृति में अत्यधिक विलंब के कारण उपचार के अभाव में रोगियों की स्थिति अत्यंत गंभीर हो जाती है अथवा मृत्यु तक हो जाती है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि निजी चिकित्सालयों द्वारा प्रस्तुत अनुमानित व्यय (एस्टीमेट) के सापेक्ष शासन द्वारा प्रायः आधी या अत्यंत न्यून धनराशि ही स्वीकृत की जाती है, जिसके कारण निजी अस्पताल उपचार बीच में ही रोक देते हैं या पूर्ण चिकित्सा से मना कर देते हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार निजी अस्पतालों के लिए ऐसी बाध्यकारी कार्ययोजना या 'ब्रिजिंग फंड' की व्यवस्था करेगी जिससे सहायता राशि की सीमा समाप्त होने पर भी गंभीर मरीज का उपचार बाधित न हो, तथा एस्टीमेट के अनुरूप शत्-प्रतिशत धनराशि निर्गत करने हेतु नियमों में संशोधन करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/448 56 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया)ः**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों का मानदेय बढ़ती महंगाई के सापेक्ष कम होने के कारण उन्हें अपना परिवार चलाने में कठिनाई होती है? क्या सरकार रसोइयों का मानदेय बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यो?

----

18/15/473 57 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट)ः**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के तहसील कर्वी के अंतर्गत नायब तहसीलदार के न्यायालय में 1 अप्रैल, 2022 से 08 जनवरी, 2026 तक कितने मामले दाखिल हुए तथा दाखिल हुए मामलों में से कितने मामलों की सुनवाई हुई तथा कितने मामलों का निर्णय किया गया? क्या सरकार उक्त का विवरण दोनों पक्षकारों सहित सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/481 58 **श्री अखिलेश (मुबारकपुर)ः**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेगें कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय (तत्समय राज्य सरकार के अधीन) के ईविंग क्रिश्चियन महाविद्यालय जो राज्य सरकार से सहायता प्राप्त स्वायत्तशासी महाविद्यालय है, में कार्यरत अध्यापक श्री अंजनी कुमार अग्रवाल (वर्ष अगस्त 1996 से वर्ष

मार्च 2000 तक) की नियुक्ति राज्य सरकार के विभाग में समान वेतनमान में होने पर उनकी सेवाओं की गणना का लाभ उन्हें उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है? यदि हाँ, तो क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्विद्यालय अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत दिये गये उपबन्धों से उत्तर प्रदेश के सहायता प्राप्त स्वायत्तशासी महाविद्यालयों में कार्यरत अध्यापक आच्छादित होते हैं? यदि हाँ, तो क्या सेवाओं की गणना सम्बन्धित उक्त लाभ उन्हें भी अनुमन्य है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/483 59 **श्री अखिलेश (मुबारकपुर)ः**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर के ग्राम सभा कोल्हूखोर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने से पूर्व चेयरमैन बाबू रामूरत सिंह के मकान तक मार्ग क्षतिग्रस्त एवं गड्ढायुक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार उक्त मार्ग का नवीनीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/484 60 **श्री अखिलेश (मुबारकपुर)ः**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद आजमगढ के विकास खण्ड हरैया के ग्राम-सभा बैदौली में लिंक पिच रोड से श्री बृजेश यादव प्रबन्धक के घर तक जिला पंचायत द्वारा लगाया गया खड़ण्जा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है? क्या सरकार उक्त मार्ग को हार्डमिक्स प्लांट से वित्तीय वर्ष 2026-27 में बनवायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/486 61 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के नगर बिलारी स्थित सिंचाई विभाग का निरीक्षण भवन जर्जर है? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त जर्जर निरीक्षण भवन का कायाकल्प कराना सुनिश्चित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/488 62 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी)ः**

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जिला मुरादाबाद में नगर पंचायत महमूदपुर माफी में उपलब्ध सार्वजनिक भूमि पर सरकार राजकीय इंटर कॉलेज स्थापित कराने पर विचार करेगी? यदि हां, तो

कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/490 63 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के ब्लॉक बिलारी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुहम्मद इब्राहीमपुर समेत अनेक ग्रामों में मुख्यमंत्री आवास प्लस योजना के अनेक पात्र अभ्यर्थी प्रधानमंत्री आवास योजना के के लाभ से वंचित होने की जानकारी सरकार को है? यदि हां तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में समस्त पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/493 64 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** विधान सभा के प्रथम सत्र -2026 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-104 के उत्तर के क्रम में क्या उपमुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के तहसील ऊन के ग्राम पंचायत भोगी माजरा के ऊन चौसाना मार्ग से ग्राम भोगी माजरा जाने हेतु जिस पर खडंजा लगा हुआ है के नव निर्माण कार्य हेतु क्षेत्र पंचायत/ जिला पंचायत की कार्ययोजना में सम्मिलित कर लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/494 65 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के नगर पालिका शामली अन्तर्गत वर्मा मार्केट के निकट कनिका काम्प्लेक्स में अवैध रूप से संचालित कनिका होटल एवं बेसमेंट मे संचालित कंचन तारा होटल व अन्य होटलों द्वारा मानक अनुसार आवश्यक पंजीकरण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक एन. ओ.सी. यथा फायर एन.ओ.सी. इत्यादि ली गयी हैं? यदि हाँ, तो उक्त पंजीकरण/एन.ओ.सी. की प्रतियाँ सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो उक्त होटल पर नियमानुसार कार्यवाही कर बन्द करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/495 66 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**राजस्व** विधान सभा के प्रथम सत्र-2026 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या -183 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विकास खण्ड काँधला के ग्राम मीमला के खसरा संख्या -479 के कुछ भाग पर हुए अतिक्रमण हटाने हेतु अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? क्या

सरकार किसी निश्चित समयावधि में उक्त भूमि कब्जामुक्त कराकर मन्दिर को हस्तान्तरित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/496 67 **श्री प्रसन्न कुमार (शामली):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** विधान सभा के तृतीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 11 के उत्तर के क्रम में क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के विधानसभा क्षेत्र शामली सदर के ग्राम कुड़ाना में भौराकलां मार्ग बिजली घर के सामने से इण्डियन बैंक तक ग्राम में प्रवेश करने का मुख्य मार्ग को ग्राम पंचायत की वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में सम्मिलित करा दिया गया है? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या हैं? क्या सरकार द्वारा दिये गये निर्धारित समय मई, 2026 तक कार्य पूर्ण करा लिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/497 68 **श्री राजपाल सिंह बालियान (बुढ़ाना):**

**राजस्व** विधान सभा के प्रथम सत्र-2026 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या -185 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुजफ्फर नगर की तहसील बुढ़ाना में तैनात लेखपाल की आय से अधिक सम्पत्ति की जाँच सम्बन्धी सतर्कता अनुभाग-3 के पत्र दिनाँक 29.12.2025 के आदेश के क्रम में अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गयी? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/511 69 **Dr. Neeraj Bora (Lucknow North):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ के जानकीपुरम् स्थित अटल बिहारी वाजपेयी अभिनव मॉडल स्कूल के ले-आउट प्लान में प्रेक्षागृह का निर्माण प्रस्तावित था, किंतु अब तक उसका निर्माण नहीं हो पाया है? क्या सरकार विलम्ब के कारणों का विवरण सदन के पटल पर रखते हुए प्रश्नगत प्रेक्षागृह का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/519 70 **Shri Jai Kumar Singh Jaiki (Bindki):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विकास खंड तेलियनी के अंतर्गत ग्राम धारूपुर के बम्बा में बनी पुरानी पुलिया के अत्यधिक सकरी होने के कारण वहां से स्कूली बसें एवं अन्य बडे वाहन नहीं गुजर पाते हैं जिससे छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पडता है? क्या सरकार जनहित

एवं छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त पुलिया के चौड़ीकरण हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए चौड़ीकरण का कार्य कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/527 71 **Shri Anil Pradhan (Chitrakoot):**

0 **Rural Development, Overall Village Development, Rural Engineering** क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में अरछा बरेठी कमासिन रोड से धोबिनपुरवा संपर्क मार्ग जो प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से वर्ष 2007-2008 में बनी थी तथा उक्त सड़क की रिपेयरिंग अप्रैल 2023 में हुई थी और जुलाई 2023 में उसकी पुनः खुदाई करके छोड़ दी है? क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य कराएगी? यदि हां,तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/528 72 **Shri Prabhu Narayan Yadav (Sakaldiha):**

0 **Rural Development, Overall Village Development, Rural Engineering** विधान सभा के तृतीय सत्र -2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या-113 के उत्तर के क्रम में क्या उपमुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के तहसील ऊन के ग्राम पंचायत भोगी माजरा के ऊन चौसाना मार्ग से ग्राम भोगी माजरा जाने हेतु जिस पर खडंजा लगा हुआ है उत्तर के अनुसार उक्त मार्ग पर किसानों का कब्जा प्रतीत होता है जिसकी माप कराकर माह जनवरी, 2026 तक माप के उपरान्त कब्जा मुक्त कराया जाना था, क्या दिये गये समयानुसार उक्त मार्ग को कब्जामुक्त करा लिया गया है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त मार्ग के प्रारम्भ एवं अन्तिम छोर के दोनो किनारों पर पत्थर नसब कर अतिक्रमणमुक्त होने के माप सहित चित्र साक्ष्य सदन के पटल पर रखेगी? क्या सरकार यह भी बताएगी कि उक्त मार्ग के नव निर्माण कार्य हेतु क्षेत्र पंचायत/ जिला पंचायत की वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में सम्मिलित करा दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/540 73 **इंजी0 बृजेश कठेरिया (किशनी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण [मा0 न्यायालय के विचाराधीन होने के कारण निरस्त ।]** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेगें कि जनपद आजमगढ़ की तहसील लालगंज के अन्तर्गत ग्रामसभा खरगीपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी के निर्माण पर रोक लगा दी गयी है? यदि हां, तो उसके क्या कारण है? क्या सरकार उक्त प्रकरण की उच्च स्तरीय जाचं कराकर शिथिलिता बरतने वाले कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उक्त गावं में पानी की टंकी बनवाये जाने हेतु कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि

नहीं, तो क्यों?

----

18/15/541 74 **Shri Jawahar Lal Rajput (Garautha):**

0 **Secondary Education** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झाँसी के ब्लाक बामौर के ग्राम कुरैठा में स्थित अभिनव विद्यालय, गुरसंराय नगर में प्रोजेक्ट अलंकरण के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कालेज एवं ग्राम अहरोरा में राजकीय विद्यालयों की भवनों के निर्माण हेतु जिलाधिकारी झांसी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 04 विद्यालयों के प्रस्ताव/आगणन एवं मूल्यांकन आख्या सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु निदेशालय को प्रेषित कर दिया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों को प्रोजेक्ट अलंकार योजनान्तर्गत निर्माण कराये जाने हेतु धनराशि स्वीकृत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/548 75 **Shri Nahid Hasan (Kairana):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बी0एस0ए0 कार्यालयों में किसी लिपिक की स्थानान्तरण नीति है? यदि हां, तो क्या सरकार मंडल व जनपद मुख्यालय में कितने वर्षों तक तैनात रहने का शासनादेश है तथा किसी कार्यालय में पटल विशेष पर कितने वर्षों तक कार्य करने हेतु शासनादेश है? क्या सरकार बतायेगी कि सहारनपुर मंडल के बी0एस0ए0 कार्यालयों में उक्त नीति के विपरीत तैनात लिपिकों को चिन्हित कर स्थानान्तरण करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/553 76 **Shri Shazil Islam Ansari (Bhojipura):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में विगत 5 वर्षों के दौरान जिलेवार सरकारी परिषदीय स्कूलों में कितनी छात्र संख्या थी तथा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिलेवार कितनी छात्र संख्या है? क्या सरकार परिषदीय विद्यालयों में क्रमिक रूप से घट रही इस छात्र संख्या के प्रमुख कारण बताएगी? क्या सरकार उक्त गिरती छात्र संख्या को रोकना हेतु उपाय करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/555 77 **Shri Shazil Islam Ansari (Bhojipura):**

0 **Home** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि गंभीर प्रकृति के अपराधों की सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन द्वारा जांचों में देरी से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार सेंट्रल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन की तर्ज़ पर प्रोविंशियल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो

क्यों?

----

18/15/558 78 **Mrs. Naseem Solanki (Sishamau):**

0 **Home** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जाति प्रमाण पत्र के मामले में जनपद -मुरादाबाद के थाना- बिलारी में दिनांक 15-01-2021 को मुकदमा अपराध संख्या 0020/ 2021अंतर्गत धारा 420, 467, 468 व 471 भारतीय दंड संहिता 1860 राज्य स्क्रूटनी कमेटी के आदेश उपरांत दर्ज हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार राज्य स्क्रूटनी कमेटी के आदेश की प्रति सदन के पटल पर रखेगी? यदि हां, तो क्या सरकार यह भी बतायेगी कि राज्य स्क्रूटनी कमेटी के आदेश से दर्ज नहीं हुआ है तो क्या सरकार उपरोक्त मुकदमे को शासनादेश संख्या- 100/ 2020/ 1741/ 26- 3-2020 समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांक 30 जुलाई 2020 में वर्णित व्यवस्था का उल्लंघन होने के कारण निरस्त करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/559 79 **Mrs. Naseem Solanki (Sishamau):**

0 **Basic Education** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि हाई कोर्ट इलाहाबाद द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन में शिक्षामित्र का मासिक मानदेय सरकार बढ़ायेगी? यदि हां, तो कितना और कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/560 80 **Mrs. Naseem Solanki (Sishamau):**

0 **Revenue** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के संभल, महाराजगंज, लखीमपुर-खीरी आदि जनपदों में सार्वजनिक भूमि पर हुए अवैध निर्माण ध्वस्त करने से सरकार को हुई अनावश्यक क्षति से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार सरकारी ज़मीनों पर हुए अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बजाय जप्त करने हेतु कानून बनाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/564 81 **Er. Brajesh Katheriya (Kishani):**

0 **Revenue** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमेठी के विधानसभा जगदीशपुर के तहसील गौरीगंज के अंतर्गत राजस्व ग्राम दाखिनवारा के अंतर्गत पूरे उमराव उपाध्याय में गाटा संख्या 18 राजस्व के अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है? यदि हां, तो क्या सरकार बताएगी कि उक्त तलाब पर अतिक्रमण है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तलाब को अतिक्रमण मुक्त कराने का कार्य करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो

क्यों?

----

18/15/565 82 **Er. Brajesh Katheriya (Kishani):**

0 **Panchayati Raj** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद अमेठी के विधानसभा जगदीशपुर के अन्तर्गत ग्राम मछरिया में विद्यालय सुरेंद्र बहादुर सिंह शिक्षण संस्थान से लेकर कुंवर रवि शंकर प्रताप सिंह जी के मकान तक रात्रि के समय अधेरा होने के कारण आवागमन में राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगवाने का कार्य कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/576 84 **Shri Jai Prakash Anchal (Bairia):**

0 **Secondary Education** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नये राजकीय इण्टर कालेजों की स्थापना के मानक क्या हैं? क्या सरकार प्रत्येक जनपदों के ऐसे विकास खण्डों में जहां जनसंख्या के सापेक्ष राजकीय इण्टर कालेज स्थापित नहीं किये गये हैं, का सर्वेक्षण कराकर नये राजकीय इण्टर कालेज स्थापित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/592 85 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक गांवों में पुलिस के सहयोग के लिए कार्यरत ग्रामीण चौकीदारों का मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/607 86 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**सूचना** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि साप्ताहिक समाचार पत्र लखनऊ का अभिमान को विज्ञापन/डिस्प्ले सूची में सूचीबद्ध किये जाने तथा दो पृष्ठ रंगीन विज्ञापन दिए जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र आई.जी.आर.एस. संख्या 60000250011013 प्रमुख सचिव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं,तो क्यों ?

----

18/15/608 87 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**सूचना** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का

आई.जी.आर.एस. संख्या 60000240146552 जोकि कतिपय पत्रकार के उत्पीड़न की समस्याओं का निराकरण कराए जाने और उक्त प्रकरण में जांच अधिकारी नियुक्त करने विषयक था, उन्हें प्राप्त हुआ हैं? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/609 88 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**सूचना** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का आई.जी.आर.एस. सं0- 18157230103000, 18157230129759 तथा 18157230054239 जो प्रमुख सचिव, सूचना विभाग उत्तर प्रदेश शासन को कतिपय संवाददाता की मान्यता स्थानांतरित किये जाने के संबंध में था, प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/615 89 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के बिलारी विधानसभा सहित प्रदेश के कितने ग्रामों में ओवरहेड टैंक निर्माण कर जलापूर्ति का काम अधूरा है? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में अधूरे ओवरहेड टैंक निर्माण पूर्ण कराकर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/616 90 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि हर घर जल योजना के तहत् जनपद मुरादाबाद के विधानसभा क्षेत्र बिलारी के ग्राम शेरपुर माफी व मुंडिया राजा सहित अनेक ग्रामों तथा प्रदेश भर में पाइपलाइन बिछाने हेतु तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत न होने के कारण आमजनमानस को आवागमन में परेशानियों से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/618 91 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद- मुरादाबाद की तहसील क्षेत्र बिलारी स्थिति ग्राम मुहम्मद इब्राहीमपुर समेत सभी ग्रामों में अभी तक शत-प्रतिशत घरौनी वितरण नहीं हुआ है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक बिलारी तहसील क्षेत्र में शत प्रतिशत घरोनी वितरण कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/621 93 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुख चुनाव सीधे जनता से कराने हेतु आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कराने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/622 94 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त राजकीय नलकूपों की क्षतिग्रस्त गूलों व पाइप लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार विगत पांच वर्षो में उक्त की मरम्मत में प्रति नलकूप भुगतानित धनराशि का ब्यौरा सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/623 95 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्तमान में कितनी ग्राम पंचायतें, पंचायत भवन की सुविधा से वंचित हैं? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक पंचायत भवन विहीन अवशेष ग्राम पंचायतों को पंचायत भवन से आच्छादित करना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/624 96 **श्रीमती नसीम सोलंकी (सीसामऊ):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में गंगा और उसकी सहायक नदियों में शहरी क्षेत्रों के नालों व कारखानों के जरिये होने वाले प्रदूषण को समाप्त करने हेतु विगत पांच वर्षों में किए गए उपायों के परिणाम का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं,तो क्यों?

----

18/15/629 97 **श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी (भोजीपुरा):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में लगातार ड्यूटी के कारण पुलिस कर्मियों में मानसिक तनाव बढ़ने से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार पुलिस कर्मियों को क्रमिक तरीके से साप्ताहिक अवकाश देना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/630 98 **श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी (भोजीपुरा):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में प्रेरणा

पोर्टल फीडिंग, टीचर्स ट्रेनिंग एवं यूट्यूब कार्यक्रम अंतर्गत विगत वर्ष 2024-25 व 2025-26 के अंतर्गत जनपदवार कितना बजट आवंटित किया गया है? क्या सरकार बतएगी कि जनपदवार आवंटित उक्त बजट से किस कंपनी के कितने टैबलेट किस दर से ख़रीद कर वितरित किए गए हैं? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि तक शत् प्रतिशत अध्यापकों को टैबलेट देना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/632 99 **श्री शहज़िल इस्लाम अंसारी (भोजीपुरा)ः**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि अपने निजी भवन में स्वयं अथवा सामूहिक रूप से शांतिपूर्वक इबादत या पूजा कही जाने वाली धार्मिक गतिविधि करना किसी कानून के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है? यदि हां तो क्या सरकार अपराध बताने वाले कानून को किस आधार पर संविधान के अनुच्छेद 25 के अनुसार किस प्रकार धार्मिक स्वतंत्रता में उल्लंघन करने वाला नहीं मानती है? यदि अपराध की श्रेणी में नहीं आता है तो क्या सरकार निजी भवन में स्वयं अथवा सामूहिक रूप से शांतिपूर्वक इबादत या पूजा कही जाने वाली धार्मिक गतिविधि में पुलिस अथवा अन्य लोगों का हस्तक्षेप प्रतिबंधित करना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/637 102 **डॉ0 पल्लवी पटेल (सिराथू)ः**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2020-2023 तक प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं सरकारी महाविद्यालयों में आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत सभी पदों पर कितने अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के शिक्षको की नियुक्ति की गई है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/638 103 **डॉ0 पल्लवी पटेल (सिराथू)ः**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017-2020 तक विश्वविद्यालयों एवं सरकारी महाविद्यालयों में आरक्षण व्यवस्था के अंतर्गत सभी पदों पर कितने अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग के शिक्षकों की नियुक्ति की गई है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/641 104 **श्री जय कुमार सिंह जैकी (बिन्दकी)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विकास खंड तेलियनी के अंतर्गत ग्राम धारूपुर के बम्बा में

बनी पुरानी पुलिया के अत्यधिक सकरी होने के कारण वहां से स्कूली बसें एवं अन्य बडे़ वाहन नहीं गुजर पाते हैं जिससे छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार जनहित एवं छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत उक्त पुलिया के चौड़ीकरण हेतु वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाते हुए चौड़ीकरण का कार्य कराएगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/642 105 **श्री जय कुमार सिंह जैकी (बिन्दकी)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** विधान सभा के प्रथम सत्र 2026 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या -112 के उत्तर के क्रम में क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर में गंगा किनारे नीर निर्मल योजना अन्तर्गत निर्मित 41 शिरोपरि जलाशयों के निर्माण अवधि में सम्बन्धित सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता की उपस्थित में हुए निर्धारित सामग्री परीक्षण, क्यूब परीक्षण, वर्टिकल परीक्षण तथा सुदृढता हेतु रिबाउण्ड हैमर परीक्षण सम्बन्धी रिपोर्ट्स सदन में प्रस्तुत करेंगे ? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जिन 05 पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति बाधित है उसके क्या कारण हैं? क्या सरकार उक्त का विस्तृत रिपोर्ट जलापूर्ति न होने के कारणों सहित सदन में प्रस्तुत करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/647 106 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात)ः**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली की विधान सभा क्षेत्र शामली के ग्राम कुड़ाना में मिनी स्टेडियम/ खेल के मैदान हेतु भूमि आरक्षित हैं? यदि हाँ, तो उक्त का विवरण क्या हैं? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त हेतु भूमि आरक्षित कर खेल विभाग को हस्तान्तरित करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/653 108 **श्री आशु मलिक (सहारनपुर)ः**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि जनपद सहारनपुर के विकास खण्ड पुवारका के ग्राम ढमलो, ढमोला नदी के लगभग 25.00 किमी पर स्थित स्थल पर पुल/रपटे का निर्माण कराने के विषय में जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री के अर्द्ध0शा0 पत्र संख्या-2531(1)/2023-27-2099-130-2023-2, सिंचाई एवं जल संसाधन अनुभाग-2 के पत्र दिनांक 24.11.2023 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में जिला पंचायत सहारनपुर द्वारा उक्त स्थल पर पुल/रपटे का निर्माण सरकार द्वारा करा दिया गया है? यदि हाँ, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/655 109 **श्री आशु मलिक (सहारनपुर):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि जनपद सहारनपुर के विधान सभा सहारनपुर देहात के अंतर्गत सिंचाई विभाग का लखनौती खुर्द पुल से पुवारका सन्दलहेड़ी पुल तक लगभग 1.5 किमी पटरी मार्ग का खड़ंजा जीर्ण शीर्ण अवस्था में है? क्या सरकार उक्त मार्ग का पुनः निर्माण/मरम्मत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/657 110 **श्री आशु मलिक (सहारनपुर):**

**मुख्यमंत्री कार्यालय** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता द्वारा वर्ष 2024 से वर्तमान समय तक मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता हेतु प्रेषित की गयी संस्तुति सहित आवेदन पत्रों पर की गयी कार्यवाही का विवरण क्या है? क्या सरकार उक्त का विवरण उपलब्ध कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/659 111 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 में बजट आवंटन कराये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 ख 7 नं0-476193 दिनांक 21 अप्रैल, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/660 112 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**राजस्व** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लोहड़िया जनजाति को प्रधानमंत्री आवास हेतु भूमि का आवटंन किये जाने एवं आवास दिलाये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 क-7 नं0-506815 दिनांक 25 नवम्बर, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/661 113 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के प्रत्येक गाँव में बंजर, खलिहान, ग्राम सभा व गौचर के नाम दर्ज भूमि को कब्जा मुक्त कराये जाने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/665 114** **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकासखंड कर्वी के ग्राम पंचायत मानपुर के खोह में आयदिन छिनैती और लूट पाट की घटनाओं के दृष्टिगत नवीन पुलिस चौकी की स्थापना कराएगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/666 115** **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के विकासखंड चित्रकूट एवं विकासखंड पहाड़ी में सिंचाई विभाग द्वारा 1अप्रैल 2022 से 08 जनवरी 2026 तक कितने राजकीय नलकूपों की स्थापना कराई गई है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/678 116** **श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी (हरचंदपुर):**

**न्याय एवं विधायी विभाग** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे की अन्तिम रिपोर्ट न्यायालय भेजने में अधिक से अधिक कितने दिन का प्रावधान है? क्या सरकार पारदर्शिता को बनाए रखने हेतु उक्त रिपोर्ट अधिकतम 15 दिन के अंदर भेजने की बाध्यता सुनिश्चित करेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि प्रदेश में कितने ऐसे प्रकरण हैं जिनमें एक साल से अधिक समय के बाद भी न्यायालय में रिपोर्ट नहीं भेजी गई है? क्या सरकार 15 दिन के अन्दर अन्तिम रिपोर्ट भेजने के लिए कोई नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/696 117** **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक आयोजनों के दृष्टिगत लगभग 2500 दर्शक क्षमता वाले बहुउद्देशीय प्रेक्षागृह के निर्माण कराने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

**18/15/710 119** **श्री ब्रजभूषण राजपूत (चरखारी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल नल योजना का कार्य बुंदेलखंड एवं जनपद महोबा में जिन कार्यदाई संस्था एवं कंपनियों को कार्य करने हेतु कुल कितना समय निर्धारित किया गया था ? क्या सरकार बतायेगी कि उक्त कार्य समय से पूर्ण किया गया है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन

के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/711 120 **श्री ब्रजभूषण राजपूत (चरखारी):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** [**विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**] क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद महोबा के विधानसभा चरखारी के अंतर्गत 717 किलोमीटर के मार्ग हर घर नल योजना के तहत तोड़े / क्षतिग्रस्त किए गए थे जिसमें से 706 किलो मीटर सड़क का पुनर्निर्माण कर दिया गया था? क्या सरकार उक्त 706 किलोमीटर सड़क का विस्तृत विवरण ग्राम के नाम सहित की सूची सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/713 121 **श्री ब्रजभूषण राजपूत (चरखारी):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा स्कूलों में कौन कौन सी कक्षाओं में हिंदी मीडियम और इंग्लिश मीडियम दोनों भाषाओं में छात्रों को शिक्षा प्रदान की जाती है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/720 122 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**प्राविधिक शिक्षा** क्या प्राविधिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद के राजकीय पॉलिटेक्निक ठाकुरद्वारा में सिविल ब्रांच की कंप्यूटर लैब में बिना प्रशिक्षक की मदद के विद्यार्थियों का प्रैक्टिकल कराया जाना सरकार के संज्ञान में है? क्या सरकार बताएगी कि राजकीय पॉलिटेक्निक ठाकुरद्वारा में प्रशिक्षकों के स्वीकृत पदों के सापेक्ष कितने प्रशिक्षक तैनात हैं? क्या सरकार उक्त पॉलिटेक्निक में किसी निश्चित अवधि तक स्वीकृत पदों के सापेक्ष शत प्रतिशत नियुक्तियां सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/731 123 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के अन्तर्गत ग्राम बधैव कन्नूखेडा स्थित खसरा न0-1118 पर लेखपाल से मिलीभगत कर बैनामे से अधिक भूमि पर भूमाफियों द्वारा अवैध कब्जा कर चहारदिवारी कर प्लाटिंग की जा रही है? क्या सरकार बैनामे से अधिक भूमि पर कब्जे करने वाले भूमाफियाओं एवं संलिप्त लेखपाल पर कार्रवाई कर उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करायेगी ? यदि हाँ, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/732 124 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली अन्तर्गत ग्राम बधैव कन्नूखेडा में स्थित खसरा संख्या 1118 पर भूमाफियाओं द्वारा लेखपाल से सांठ-गाँठ कर अवैध तरीके से भूमि पर कब्जा कर प्लाटिंग कराने विषयक जनसुनवाई आवेदन संख्या- 92620600003955 प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी तथा बैनामे से अधिक भूमि पर कब्जे करने वाले भूमाफिया से उक्त जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/733 125 **श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी (रुधौली)ः**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेगें कि प्रदेश में वर्ष 2005 के पूर्व नियक्त किये गये शिक्षामित्रों को जो 68500 सहायक शिक्षक भर्ती में उत्तीर्ण कर नियमित रूप से कार्यरत हैं को पुरानी पेंशन योजना से आच्छादित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/734 126 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का आई.जी.आर.एस. 60000250016801 जो कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी विज्ञापन / डिस्प्ले सूची में हिंदी दैनिक समाचार पत्र "जन्म प्रसारण टाइम" को सूचीबद्ध कराये जाने विषयक था उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/735 127 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश शासन में प्रार्थना-पत्रों को स्वीकार करने तथा उन पर विभागीय मुहर सहित प्राप्ति रसीद प्रदान किए जाने हेतु कार्यालय में पृथक डाक प्राप्ति पटल / काउंटर बनाए जाने की कोई व्यवस्था प्रस्तावित है? यदि हाँ, तो उक्त व्यवस्था कब तक लागू की जाएगी? क्या जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना-पत्रों पर की गई समस्त विभागीय कार्यवाही से जनप्रतिनिधियों को समयबद्ध रूप से अवगत कराए जाने की कोई निर्धारित व्यवस्था है? यदि हाँ, तो क्या ऐसे मामलों में संबंधित जनप्रतिनिधियों को जानकारी न दिए जाने के लिए सूचना विभाग के उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक/अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने का प्रावधान किया जाएगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/737 128 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में दिनांक 1 दिसंबर 2022 से 10 जुलाई 2023 तक कितने राज्य मुख्यालय/जिला मुख्यालय के मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों की मान्यता एक संस्थान से दूसरे संस्थान मे स्थानांतरित की गयी है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/745 129 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने कि कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट में लघु डाल नहर सिंचाई विभाग उपखण्ड कर्वी द्वारा 1 अप्रैल 2023 से 08 जनवरी 2026 तक कुल कितने कार्य कराए गए? क्या सरकार उक्त का विवरण कार्यदाई फर्म एवं वित्तीय लागत सहित सदन के पटल पर प्रस्तुत करेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि लघु डाल नहर सिंचाई विभाग उपखण्ड कर्वी द्वारा कराए गए अनियमितता पूर्ण कार्यों की शासन स्तर से टी0ए0सी0 जांच कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/747 130 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट)ः**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आग लगने पर सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को कितना मुआवजा प्रदान किया जाता है ? क्या सरकार मुआवजे की धनराशि को बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/748 131 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट)ः**

**पंचायती राज** क्या पंचायतीराज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत भरकोर्रा में मेन रोड से लोधन पुरवा तक नाला निर्माण कार्य सरकार करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/749 132 **श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी (हरचंदपुर)ः**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर में कोई राजकीय डिग्री कॉलेज स्थापित न होने के कारण क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों, विशेषकर ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से

कमजोर परिवारों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर-दराज के जनपदों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है? क्या सरकार क्षेत्र के विद्यार्थियों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र में एक राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/754 133 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उपमुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक ग्रामसभाओं में कार्यरत रोजगार सेवकों को उनके अल्प मानदेय से उन्हें अपने जीविकोपार्जन में परेशानी होती है? क्या सरकार रोजगार सेवकों का महंगाई के दृष्टिगत मानदेय बढ़ाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/762 134 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया में 2022 से वर्तमान तक किन-किन गांवों में नए सरकारी नलकूप स्थापित किये गये हैं? क्या सरकार वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष शेष बचे नलकूपों को समय सीमा निर्धारित कर स्थापित करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/763 135 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के दतहाँ में लगे पम्प कैनाल का पाइप लाइन कितने किलोमीटर की दूरी तक फैला हुआ है? क्या सरकार सिंचाई के दृष्टिगत पाइप लाइन की लम्बाई बढ़ाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/772 136 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे की जनपद बिजनौर के थाना नूरपुर अंतर्गत गांव टंडेरा में दिनांक 26 जून 2025 को साहूकारों एवं फाइनेंस कंपनियों के कर्ज से तंग आ ज़हर खाकर एक परिवार की तीन मां बेटियों के मरने की घटना से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मामले से जुड़े प्रमुख तथ्य सदन के पटल पर रखेगी? क्या सरकार प्राइवेट साहूकारों एवं फाइनेंस कंपनियों द्वारा लोगों का शोषण रोकने आवश्यक कदम उठाएगी?

यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/773 137 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा शिक्षा सत्र 2025 में एलएलबी, एलएलएम व एमएड के 2500 छात्र-छात्राओं से सिक्योरिटी फीस के नाम ग़लत तरीक़े से दो-दो हज़ार रुपए जमा कराने से सरकार परिचित है? यदि हां, तो क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में उक्त धनराशि छात्र-छात्राओं को वापस कराना सुनिश्चित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/774 138 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि 19/20 अप्रैल 2025 रात्रि को दिल्ली रोड स्थित ग्राम- चौधरपुर, जिला- अमरोहा की गैस पाइपलाइन में लगी आग की घटना से सरकार परिचित है? यदि हां तो क्या सरकार अन्य स्थानों पर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने किए गए उपाय सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/775 139 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ अन्तर्गत मदेयगंज थाना का नाम दीनदयाल नगर, मड़ियांव थाना का नाम केशवनगर तथा हसनगंज थाना का नाम डालीगंज किये जाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/776 140 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि घनी आबादी, बहुमंजिला भवनों और बढ़ते व्यावसायिक गतिविधियों वाले क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं में त्वरित राहत के दृष्टिगत प्रियदर्शनी कॉलोनी अथवा अलीगंज लखनऊ में फायर स्टेशन की स्थापना करने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/778 141 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कॉल्विन ताल्लुकदार्स कॉलेज से सेवानिवृत्त अध्यापक डॉ0 प्रमोद कुमार गंगवार के अवशेष देयकों के भुगतान हेतु शासनादेश संख्या 4/2015/275/15-8-13-

3009(2)/13, दिनांक 03.03.2015 का अनुपालन अभी तक नहीं कराया गया है जबकि उक्त शासनादेश को संशोधित/पुनरीक्षित किये जाने विषयक दिनांक 24 जून, 2025 के आदेश को उच्च न्यायालय द्वारा याचिका संख्या -WRIT-A No 11538 of 2025 में पारित आदेश दिनांक 16.12.2025 के माध्यम से निरस्त किया जा चुका है और मूल शासनादेश पूर्ववत प्रभावी है? यदि हां, तो क्या प्रश्नगत मूल शासनादेश का अनुपालन करते हुए डॉ0 प्रमोद कुमार गंगवार के अवशेष देयकों व पेंशन आदि का भुगतान किया जाएगा? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/797 142 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद)ः**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के निजी स्कूलों में वसूली जा रही फीस के सापेक्ष शिक्षा का स्तर उठाने के उद्देश्य से शिक्षकों की योग्यता, मानदेय, बच्चों का कोर्स/किताबों तथा ड्रेस आदि निर्धारित करने सम्बन्धी कोई नियमावली बनाने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/798 143 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद)ः**

**राजस्व** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के कुल कितने राजस्व ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा कितने राजस्व ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया शेष है? क्या सरकार यह भी बताएगी कि शेष राजस्व ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु क्या समयसीमा निर्धारित की गई है तथा इसमें विलम्ब के प्रमुख कारण क्या हैं? क्या सरकार जनपदवार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/802 144 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद लखनऊ के मड़ियाँव (महोना) में स्थित जानकीपुरम एक्सटेंशन पर स्थित खसरा/गाटा सं0-638स जो अन्य बंजर भूमि के नाम से दर्ज है पर अवैध कब्जा किया गया है? क्या सरकार उक्त की जांच कराकर भूमि को कब्जा मुक्त कर पार्क का निर्माण करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/803 145 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि कार्यालय, प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ में ऐसे कितने लिपिकीय कर्मचारी हैं जो स्थानान्तरण नीति के विपरीत

एक ही अनुभाग में नियुक्त हैं? क्या सरकार उक्त कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रदेश के अन्य कार्यालयों में करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/804 146 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी में पारीछा बांध की गुरसराय मुख्य नहर की क्षमता बढ़ाये तथा चौड़ीकरण व गहरीकरण करवाये जाने विषयक प्रश्नकर्ता का पत्र सं0 क-7-432694 दिनांक 22 अप्रैल, 2025 उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/805 147 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा)ः**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा तहसील के ग्रामीण इलाकों में हर घर नल योजनान्तर्गत पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त पाइप लाईन बिछाने का कार्य की समय सीमा निर्धारित की है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/806 148 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सूचना एवं जन संपर्क विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा वर्ष 2017 से वर्ष 2024 तक कुल कितने दैनिक समाचार पत्रों, सप्ताहिक समाचार पत्रों, मासिक पत्रिका, स्मारिका के प्रकाशन हेतु विज्ञापन, इलेक्ट्रॉनिक चैनलों एवं समाचार पत्रों को डिस्प्ले विज्ञापन वर्षवार अलग-अलग कुल कितनी धनराशि दी गई है? क्या सरकार बतायेगी कि समाचार चैनल को विज्ञापन दिए जाने हेतु विभाग में सूचीबद्ध किया जाना अनिवार्य है? क्या सरकार उपरोक्त विज्ञापन की धनराशि का वर्ष वार विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/807 149 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि सूचना एवं जन संपर्क विभाग उत्तर प्रदेश में वर्ष 2008 से वर्ष 2025 तक कितने राज्य मुख्यालय / जिला मुख्यालय / जिला मान्यता के मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों की मान्यता एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरित किया गया और एक संस्थान से दूसरे संस्थान में स्थानांतरित नहीं किया गया ? क्या सरकार उपरोक्त का

विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नही, तो क्यों?

----

18/15/808 150 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**सूचना** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का आई.जी.आर.एस. संख्या- 18157240006664 जो प्रमुख सचिव, सूचना विभाग उत्तर प्रदेश शासन को संसदीय शिष्टाचार का पालन न करने वालो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने के संबंध मे था, उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/809 151 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के सूचना विभाग के राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार / जिला मुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार / जिला मान्यता प्राप्त पत्रकार पर वर्ष 2009 से वर्ष 2025 तक कुल कितने पत्रकारों पर मुकदमें दर्ज किये गये है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/810 152 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**सूचना** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का आई.जी.आर.एस. 60000250241854 तथा 2157250223969 जो दिनांक 03 जुलाई 2023 को पत्रकार तनवीर अहमद सिद्दीकी को बिना सुनकर एकपक्षीय रूप से निरस्त की गई तनवीर अहमद सिद्दीकी की जिला मुख्यालय स्तर की प्रेस मान्यता पुनः बहाल किए जाने की जांच पर कार्यवाई विषयक है, पर क्या कार्यवाई की गई? यदि नहीं,तो क्यों ?

----

18/15/815 153 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से 9 मार्च 2026 तक कुल कितने प्रशिक्षुओं को डी0एल0एड0 का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है तथा कुल कितने प्रशिक्षुओं को शिक्षक पद पर नियुक्ति प्रदान की गई तथा वर्तमान में कुल कितने शिक्षक के पद रिक्त हैं? क्या सरकार रिक्त पदों पर तैनाती करने की योजना बनायेगी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/827 154 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र संख्या VIP / 178/ 03 दिनांक 24-12-2024

आई०जी०आर०एस० संख्या- 18157250004277 जो प्रदेश में गृह पुलिस विभाग के अंतर्गत आने वाले उत्तर प्रदेश में सभी पुलिस थानों / उत्तर प्रदेश में सभी पुलिस माल खाना में खड़े जब्त वाहनों को स्थानीय कबाड़ विक्रेताओं व स्थानीय मैकेनिकों को नीलामी किये बगैर नियम विरुद्ध अवैध तरीके से भेजे जाने के सम्बन्ध में था क्या उक्त पत्र विभाग को प्राप्त हुआ है ? यदि हाँ, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/829 155 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 अप्रैल 2017 से 20 जनवरी 2026 तक प्रदेश में कुल कितनी युवतियों का अपहरण दर्ज किया गया है? उक्त अवधि में प्रदेश में कुल कितनी युवतियों/महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाएँ पंजीकृत हुई हैं? उपर्युक्त अवधि में बलात्कार के उपरांत हत्या की कुल कितनी घटनाएँ सामने आई हैं? समस्त मामलों में से अब तक कुल कितने मुकदमों में आरोपियों को न्यायालय द्वारा दंडित (सजा) किया गया है? क्या सरकार इन जघन्य अपराधों की रोकथाम हेतु कोई ठोस, प्रभावी एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/832 156 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बलिया के विधानसभा क्षेत्र बैरिया के गोपालनगर टांड़ी व शिवाल मठिया के लगभग 150 से अधिक परिवार सरयू नदी के कटान से बेघर हो गये है? क्या सरकार बेघर हुए परिवारों को दैवीय आपदा के तहत आवास मुहैया करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/834 157 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में वर्तमान में शिक्षकों के कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार शिक्षकों के उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/839 158 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में हर घर जल योजना के अंतर्गत गांव के गलियों व सड़कों के किनारे डाले गए पाईप लाइन से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे आये दिन

दुर्घटनायें हो रही हैं? क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/842 159 **श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी** (**हरचंदपुर**)**:**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा हरचंदपुर क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा निर्मित अधिकांश सड़कें जर्जर व क्षतिग्रस्त हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्ग का निर्माण कार्य कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/847 160 **श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी** (**हरचंदपुर**)**:**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के विभिन्न ब्लॉकों में सार्वजनिक पार्कों की समुचित व्यवस्था न होने के कारण स्थानीय नागरिकों, विशेषकर बच्चों, महिलाओं एवं बुजुर्गों को टहलने, व्यायाम एवं स्वस्थ मनोरंजन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध नहीं हो पा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉकों में एक-एक सार्वजनिक पार्क की स्थापना कराने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/862 162 Mohd. Faheem Irfan (Bilari)**:**

0 **Rural Development, Overall Village Development, Rural Engineering** क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद में विकसित किए गए "अमृत सरोवर/आदर्श तालाब" अधिकांश स्थानों पर बदहाल स्थिति में होना सरकार के संज्ञान में है? क्या सरकार बतायेगी कि जनपद मुरादाबाद में कुल कितने अमृत सरोवर विकसित किए गए, और उन पर क्षेत्र पंचायत निधि व मनरेगा से कितना व्यय हुआ? क्या सरकार उक्त व्यय का सामाजिक/तकनीकी ऑडिट करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/868 163 **डॉ0 नीरज बोरा** (**लखनऊ उत्तर**)**:**

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राजकीय बालिका इण्टर कालेज, नरही, लखनऊ को स्थानान्तरित करते हुए उसे फैजुल्लागंज में स्थापित करने सम्बंधी प्रश्नकर्त्ता का प्रस्ताव विभाग के विचाराधीन है? यदि हां, तो क्या सरकार के संज्ञान में है कि विद्यालय हेतु नगर निगम द्वारा ग्राम दाऊदनगर तहसील लखनऊ की खसरा संख्या 23, क्षेत्रफल 0.564 हे0 भूमि आवंटन किये जाने का निर्णय लेते हुए पत्र संख्या

डी-737/का0त0/25 दिनांक 02.12.2025 के माध्यम से जिलाधिकारी लखनऊ को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है? क्या सरकार प्रश्नगत विद्यालय हेतु उक्त भूमि पर अविलम्ब निर्माण आरम्भ करेगा? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/879 164 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फिरोजाबाद के विधानसभा शिकोहाबाद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शफी शाह रहमतुल्ला दरगाह जो की बसई मोहम्मदपुर में स्थित है इसके आसपास सड़क निर्माण पुलिया आदि कार्य करने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या ग-7 नं0. 40749 दिनांक 16 फरवरी 2026 मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद को प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/880 165 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद):**

**राजस्व** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यों जैसे नामांतरण (दाखिल-खारिज), विरासत, सीमांकन, खतौनी संशोधन आदि के निस्तारण में अनावश्यक विलम्ब होने की शिकायतें सरकार के संज्ञान में हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कार्यों के समय पर पूर्ण कर, निस्तारण के लिए कोई नियमावली अथवा एक निश्चित समय-सीमा निर्धारित की गई है? यदि हाँ, तो उसका विवरण क्या है? क्या सरकार प्रत्येक कार्य के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित करने पर विचार करेंगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/890 166 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत भरकोर्रा में मेन रोड से लोधन पुरवा तक नाला निर्माण कार्य कराएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/895 167 **Shri Rahul Rajpoot Urf Rahul Lodhi (Harchandpur):**

0 **Jal Shakti and Flood Control** क्या जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद रायबरेली के अंतर्गत विधानसभा हरचंदपुर क्षेत्र में नहरों की समय पर सफाई न होना, जल आपूर्ति में अनियमितता तथा नहरों की मरम्मत न होने के कारण किसानों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है? क्या यह सही है कि जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल के

अनुसार जनपद के संबंधित अधिकारियों के साथ समय-समय पर समन्वय बैठक किया जाना आवश्यक है, किंतु वर्ष 2022 से अब तक उक्त हेतु प्रश्नकर्ता के साथ किसी भी अधिकारी द्वारा बैठक नहीं की गई? क्या सरकार उक्त के लिए जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/904 168 **श्री अतुल प्रधान (सरधना)ः**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में अपराध दर की अधिकता में वर्तमान में प्रथम तीन स्थानों पर कौन-कौन से जिले है? क्या सरकार उक्त जिलों में अपराध दर को कम करने हेतु कोई कार्य योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/906 169 **श्री अतुल प्रधान (सरधना)ः**

**उच्च शिक्षा** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र सरधना के कस्बा फलावदा में राजकीय महिला महाविद्यालय की स्थापना सरकार करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/908 170 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 12.12.2025 (आई०जी०आर०एस० संख्या 18157250247147) जो कि जनपद लखनऊ में प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझे की खुलेआम बिक्री एवं उपयोग के कारण हो रही लगातार गंभीर दुर्घटनाओं पर कठोर कार्रवाई तथा एन0जी0टी0 आदेशों के उल्लंघन के संबंध में उन्हें प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/910 171 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य)ः**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पुलिस उपायुक्त अभिसूचना एवं सुरक्षा, लखनऊ के पत्र दिनांक 10.05.2023 द्वारा प्रस्तुत एल०आई०यू० जांच आख्या में थाना हजरतगंज में मु०अ०सं० 210/2018 धारा 420/504/506 भा०द०वि० एवं 66 आई०टी० एक्ट में विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया, जबकि उक्त प्रकरण में थाना हजरतगंज पुलिस द्वारा दो बार विवेचना उपरांत अंतिम रिपोर्ट न्यायालय में प्रेषित की जा चुकी है ? यदि हाँ, तो क्या पुलिस उपायुक्त अभिसूचना एवं सुरक्षा, लखनऊ द्वारा

गलत,भ्रामक झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के संबंध में उनके विरुद्ध कार्यवाही सरकार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/911 172 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**अल्पसंख्यक कल्याण** क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद बाराबंकी के जैदपुर शाह कटरा क्षेत्र में स्थित वक्फ कब्रिस्तान, गाटा संख्या–1618, जो उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड में वक्फ संख्या–3037 के अंतर्गत पंजीकृत है, के एक भाग पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण को सरकार हटाएगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/917 173 **डॉ0 नीरज बोरा (लखनऊ उत्तर):**

**राजस्व** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-अम्बेडकरनगर की तहसील आलापुर, थाना-राजे सुल्तानपुर अन्तर्गत आंधी में गिरे बहुचर्चित पेड़ प्रकरण के सम्बन्ध में मा. उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 07.05.2024 का अनुपालन करा दिया गया है? यदि नहीं, तो क्या आदेश का अनुपालन नहीं कराने के सम्बन्ध में सक्षम न्यायालय द्वारा कोई अन्य आदेश पारित किया गया है? क्या प्रश्नगत प्रकरण में दिनांक 13.03.2022 को राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस अभिरक्षा में लिया गया पेड आज भी उसी अवस्था में संरक्षित है? यदि हां, तो उक्त का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्या विभाग द्वारा प्रकरण निस्तारण में विलम्ब के दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/923 174 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 आर.टी.ई. एक्ट के अंतर्गत पात्र बच्चों को निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रवेश नहीं दिया जाता है, तो इसकी जवाबदेही किस अधिकारी या संस्था की होती है? क्या सरकार उक्त दोषी स्कूलों के विरुद्ध कोई दंडात्मक प्रावधान या कार्यवाही की व्यवस्था है? यदि हाँ, तो वर्ष 2022 से 2025 तक प्रदेश में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और उन पर क्या कार्यवाही की गई? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/925 175 **डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा (शिकोहाबाद):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आर्थिक रूप से

कमजोर वर्ग (ई0डब्लू0एस0) के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्राप्त करने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है? क्या सरकार के संज्ञान में है कि आवेदन निस्तारण की स्पष्ट समयसीमा निर्धारित न होने के कारण लाभार्थियों को असुविधा, मानसिक तनाव सामना करना पड़ रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार ई0डब्लू0एस0 प्रमाणपत्र आवेदन प्रक्रिया के लिए निश्चित समयसीमा निर्धारित कर उसे सख्ती से लागू करने तथा संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/931 176 **श्री ब्रजभूषण राजपूत (चरखारी)**:

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के समस्त निजी बेसिक शिक्षा विद्यालयों में गरीब बच्चों हेतु निःशुल्क शिक्षा हेतु कुल कितनी सीटों का आरक्षण किया गया है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/932 177 **श्री ब्रजभूषण राजपूत (चरखारी)**:

**माध्यमिक शिक्षा** क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे की प्रदेश के समस्त निजी माध्यमिक विद्यालयों में गरीब बच्चों हेतु निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने हेतु कुल कितनी सीट आरक्षित की गई हैं? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/950 178 **श्री तुफानी सरोज (केराकत)**:

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में ओवर स्पीडिंग से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाये जाने हेतु सरकार ने कोई कार्य योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/952 179 **श्री जय कुमार सिंह जैकी (बिन्दकी)**:

**राजस्व** क्या मुख्या मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी अन्तर्गत ग्राम अकबरपुर अन्दर क्षेत्र में स्थित 7 तालाबों क्रमशः सम्राट सिनेमा के पूर्व (गाटा संख्या-465), मो0 तकी दरगाह के पूर्व-राजकुमार के घर के पीछे(गाटा संख्या-458), दरगाह तकी-मदरसा के पूर्व (गाटा संख्या-455), दरगाह तकी (गाटा संख्या-488), डायमण्ड टेलर के पश्चिम (गाटा संख्या-311/2), लंका रोड-जलालु का टाल (गाटा संख्या-300), सत्ती चौरा- ठठराही मोड (गाटा संख्या- 374) एवं ग्राम

बिन्दकी कोहना अन्दर क्षेत्र में 3 तालाबों क्रमशः किलेश्वर मन्दिक के पश्चिम (गाटा संख्या-177), गोपाल आयल के सामने (गाटा संख्या-136), गोपाल आयल के बगल-बाहर क्षेत्र (गाटा संख्या-235) को सरकार अतिक्रमण मुक्त करायेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/953 180 **श्री जय कुमार सिंह जैकी (बिन्दकी):**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद फतेहपुर की विधान सभा क्षेत्र बिन्दकी अन्तर्गत मंजूपुर से जौनपुर तक तथा भैंसाही से अल्लीपुर तक के मार्ग जर्जर हैं? क्या सरकार उक्त मार्गों का नव निर्माण करायेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/956 182 **मो0 फहीम इरफान (बिलारी):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद मुरादाबाद मे कितने परिषदीय विद्यालयों में साफ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध है तथा कितने परिषदीय विद्यालयों में हैंडपंप स्थापित है एवं कितने ख़राब हैं? क्या सरकार किसी निश्चित अवधि में समस्त परिषदीय विद्यालयों को आर0ओ0 वाटर कूलर से आच्छादित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/970 183 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**बेसिक शिक्षा** क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधानसभा के तृतीय सत्र 2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 172 के उत्तर के क्रम में संबंधित शिक्षा मित्रों की बहाली कर दी गई है? यदि हां, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/971 184 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा विधानसभा क्षेत्र में किसानों की गेहू की फसल में नहर से पानी नहीं मिल पाने से किसानों की गेहूँ की फसल का उत्पादन प्रभावित हो रहा है? क्या सरकार किसानों के गेहूं की फसल हेतु नहर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/972 185 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के गरौठा तहसील में अधिकांश ग्रामों में किसानों के पास सिंचाई

के संसाधन नहीं है? क्या सरकार गरौठा तहसील में सिंचाई हेतु कोई कार्ययोजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/973 186 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद-झांसी में किसानों के मध्य चक रोड सेक्टर/रास्ते को लेकर उत्पन्न विवाद समाधान हेतु नीति निर्धारण अथवा कोई कार्य योजना बनाई गई है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/974 187 **श्री जवाहर लाल राजपूत (गरौठा):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद झांसी के मुख्य बेतवा नहर से मोंठ रजवाहा के अन्तिम छोर तक स्थित गावों मे टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है? क्या सरकार मोंठ रजवाहा के 4 कि0मी0 पर बने पुराने साइफन को तोड़कर ऊपर से पानी निकाल कर मोंठ रजवाहा के अन्तिम छोर तक स्थित ग्रामों में टेल तक पानी पहुंचाने का कार्य करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/982 188 **श्री मोहम्मद हसन रूमी (कानपुर कैन्टोनमेंट):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में आय,जाति एवं निवास प्रमाणपत्रों के सत्यापन हेतु क्षेत्रीय सांसद, विधायक,पार्षद अथवा ग्राम प्रधान के पुष्टिकरण पत्र को मानने का प्रावधान है? यदि हाँ, तो जनप्रतिनिधियों के सत्यापित पत्रों को अमान्य करने वाले दोषी लेखपालों के विरुद्ध सरकार कोई दंडात्मक कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/984 189 **श्री जयप्रकाश अंचल (बैरिया):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जल शक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के जनपदों में जहां सिंचाई हेतु नहर नहीं है उक्त जनपदों को चिन्हित कर किसानों को समुचित सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु सरकार राजकीय नलकूप लगवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/988 190 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**जल शक्ति तथा बाढ़ नियंत्रण** क्या जलशक्ति मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हिंडन-कृष्णा तथा काली नदी को प्रदूषण मुक्त करने की सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है? यदि

नहीं, तो क्यों?

----

18/15/989 191 **Shri Anil Pradhan (Chitrakoot):**

0 **Panchayati Raj** क्या पंचायतीराज मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक DL/03/2212 दिनांक 16 मार्च 2026 जो जनपद चित्रकूट के ग्राम पंचायत कुचारम के पूर्व प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों का भुगतान न किए जाने से संबंध में था, उन्हे प्राप्त हुआ है? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/990 192 **श्री अनिल प्रधान (चित्रकूट):**

**मुख्यमंत्री कार्यालय** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक DL/03/2211 दिनांक 16 मार्च 2026 जो जनपद चित्रकूट के शिवनारायण पुत्र श्री ओमप्रकाश को आर्थिक मदद करवाने के संबंध में था, उन्हें प्राप्त हुआ है ? यदि हां, तो उक्त पत्र पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/992 193 **श्री रामखिलाड़ी सिंह (गुन्नौर):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद संभल की विधानसभा क्षेत्र गुन्नौर के अंतर्गत गुन्नौर तहसील में अपर मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना न होने के कारण स्थानीय जनता को अपनी न्यायिक समस्याओं के निस्तारण हेतु दूरस्थ स्थानों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें समय, श्रम और आर्थिक हानि उठानी पड़ती है? क्या सरकार जनहित में गुन्नौर तहसील में अपर मजिस्ट्रेट न्यायालय की स्थापना करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ?

----

18/15/1010 194 **श्री अतुल प्रधान (सरधना):**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उपमुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश के सभी जनपदों को आकस्मिक व्यय हेतु कितनी धनराशि वर्ष 2022-2023 तथा 2023-2024 में जारी की गयी तथा उसके सापेक्ष कितनी धनराशि व्यय की गयी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद मेरठ को उपरोक्त वर्षों में कितनी धनराशि जारी की गयी व उसके सापेक्ष कितनी धनराशि व्यय की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1014 195 **श्री रविदास मेहरोत्रा (लखनऊ मध्य):**

**गृह** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में दिनांक 1 अप्रैल 2017 से 01 फरवरी 2026 तक पुलिस द्वारा कुल कितने एनकाउंटर किए गए हैं? उपरोक्त अवधि में एनकाउंटरों में कितने व्यक्ति घायल हुए एवं कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई, उनका जनपदवार विवरण क्या है? क्या सरकार द्वारा इन एनकाउंटरों की किसी निष्पक्ष एवं स्वतंत्र एजेंसी (जैसे न्यायिक आयोग/सीबीआई/अन्य) से जांच कराई गई है? क्या सरकार उक्त कार्यवाही का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1163 196 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात)ः**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली एवं जनपद बागपत में विगत 3 वर्षो से अब तक शस्त्र लाइसेंस हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुये तथा उक्त अवधि में कितने आवेदकों को शस्त्र लाइसेंस जारी किये गये है एवं कितने लम्बित है व लम्बित रखने का क्या कारण है? क्या सरकार उक्त आवेदनों की सूची, आवेदको के नाम, आवेदन दिनाँक एवं लम्बित रखने के कारण सहित सूची सदन के पटल पर रखेगी? यदि नही, तो क्यो?

----

18/15/387 197 **श्री विनोद चतुर्वेदी (कालपी)ः**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या उप मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेगें कि जनपद जौनपुर के तहसील केराकत के ग्राम धरौरा पोस्ट- जय गोपाल गंज में श्री जालिम सरोज के घर से श्री लालजी सरोज के घर तक मार्ग पर सरकार इण्टरलाकिंग का कार्य करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/451 198 **इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई (जसराना)ः**

**ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण** क्या वित्त मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में संचालित लखपति महिला योजना के संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में कितनी धनराशि आवंटित की गयी तथा योजना के अंतर्गत कितनी महिलाओं को लाभांवित किये जाने का लक्ष्य था ? वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत जनपद – वार कितनी महिलाओं को लाभांवित किया जा चुका है ? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1162 199 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात)ः**

**गृह** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली एवं जनपद बागपत में शस्त्र लाइसेंस हेतु विगत 3 वर्षो से अब तक किस आवेदक को

किस जिलाधिकारी के द्वारा और किस दिनाँक में शस्त्र लाइसेंस जारी किया गया एवं जारी करने का आधार क्या है? क्या सरकार उक्त आवेदको के नाम, जारी करने का दिनाँक तथा जारीकर्ता जिलाधिकारी के नाम एवं जारी करने के आधार सहित सूची सदन के पटल पर रखेगी? यदि नही, तो क्यो?

----

18/15/1992 200 **श्री नाहिद हसन (कैराना):**

**अल्पसंख्यक कल्याण [मा0 आश्वासन समिति के विचाराधीन होने के कारण निरस्त।]** क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि वर्ष 2020 से दिनांक 20.08.24 तक प्रदेश में दा काजीस एक्ट 1880 संशोधनों सहित के अंतर्गत कुल कितने व्यक्तियों के आवेदन काजी नियुक्त करने हेतु लंबित है? क्या सरकार सहारनपुर मंडल में ऐसे लंबित प्रार्थना पत्रों की संख्या का कुल विवरण सदन के पटल पर रखते हुए मुस्लिम समाज में निकाह व अन्य धार्मिक गतिविधियों को सुचारु रुप से क्रियान्वित करने हेतु सभी लंबित प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही करेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1160 201 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**पंचायती राज** क्या पंचायती राज मंत्री बताने की कृपा करेंगें कि जनपद शामली के जिला पंचायत शामली को विगत पाँच वर्षो मे कितना-कितना बजट आवंटित किया गया तथा वर्ष वार कितना खर्च हुआ है? क्या सरकार उक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि जनपद शामली के जिला पंचायत शामली को वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-2026 मे कितना बजट दिया गया हैं और जिला पंचायत शामली द्वारा कितना खर्च किया गया ? क्या सरकार खर्च किये गये बजट का संपूर्ण विवरण मद सहित सदन के पटल पर रखेगी? यदि नही तो क्यो?

----

18/15/1191 202 **श्री समरपाल सिंह (नौगाँव सादात):**

**राजस्व** क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगें कि जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र बेहट के ग्राम नौसर हेडी मे खाता संख्या 00019 व खसरा संख्या 09 भूलेखो मे चन्द कीरण पुत्री भूलन पत्नी फूल सिंह के नाम दर्ज है, जिसकी आयु लगभग 80 वर्ष है एंव विधवा महिला है, जिस पर अखतर पुत्र मुस्तकम आदि दंबगो के द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिसकी पुष्टि संबंधित लेखपाल द्वारा आई0जी0आर0एस0 92613200011108 दिनांक 11.04.2026 को की गई जांच के उपरान्त की गई है? क्या सरकार उक्त भूमि को दंबगो से कब्जा मुक्त कराकर बुजुर्ग महिला को सुपुर्द करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

----

18/15/1824 203 **Shri Samarpal Singh (Naugawan Sadat):**

0 **Home** क्या मुख्य मंत्री बताने की कृपा करेंगे कि विधान सभा के तृतीय सत्र-2025 के प्रथम मंगलवार के अतारांकित प्रश्न-45 के उत्तर के क्रम में क्या मुख्यमंत्री बताने की कृपा करेंगे कि जनपद शामली के नगरपालिका शामली अन्तर्गत वर्मा मार्केट के निकट कनिका काम्प्लेक्स में संचालित- रॉयल सलून, यूनिक एक्वा प्रेशर, उर्वा स्पा सेन्टर , ब्लू स्टार स्पा सेन्टर, उर्वा एक्वा प्रेशर स्पा एण्ड सलून सेन्टर एवं शाइन स्पा सेन्टरों के संचालकों द्वारा भारत सरकार मे विधिवत पंजीकरण सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये गये हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त की प्रतियाँ सदन के पटल पर रखेगी? यदि नहीं ,तो क्यो?

----